**C**

**CCE PR**
**REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಸೆಪ್ಟೆಂಬರ್, 2020

**S.S.L.C. EXAMINATION, SEPTEMBER, 2020**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 25. 09. 2020 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 25. 09. 2020 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :** 10 × 1 = 10 | |
| 1. | 'सहयोग' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) योग (B) असहयोग<br>(C) सुयोग (D) संयोग ।<br>**उत्तर :** (B) असहयोग | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 2. | निम्नलिखित शब्दों में से 'बहुवचन' शब्द है –<br>(A) किताब (B) कहानी<br>(C) कमरे (D) कक्षा ।<br>**उत्तर :** (C) कमरे | 1 |
| 3. | 'औरत' शब्द का अन्य लिंग रूप है –<br>(A) युवक (B) आदमी<br>(C) महिला (D) मालिक ।<br>**उत्तर :** (B) आदमी | 1 |
| 4. | निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप' है –<br>(A) जगाना (B) जगवाना<br>(C) जग (D) जागना ।<br>**उत्तर :** (A) जगाना | 1 |
| 5. | 'सहानुभूति' शब्द में संधि है –<br>(A) दीर्घ (B) यण<br>(C) वृद्धि (D) गुण ।<br>**उत्तर :** (A) दीर्घ | 1 |
| 6. | 'जलधारा' शब्द में समास है –<br>(A) बहुव्रीही (B) द्विगु<br>(C) अव्ययीभाव (D) तत्पुरुष<br>**उत्तर :** (D) तत्पुरुष | 1 |
| 7. | मोटर उसके ऊपर से निकल गई !<br>इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है<br>(A) पूर्ण विराम (B) अल्प विराम<br>(C) विस्मयादिबोधक (D) प्रश्नवाचक ।<br>**उत्तर :** (C) विस्मयादिबोधक | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | दोस्तों ने साँप .................. रोका ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक होगा –<br>(A) पर (B) से<br>(C) को (D) के लिए ।<br>**उत्तर :** (C) को | 1 |
| 9. | 'नवीन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –<br>(A) नया (B) नमन<br>(C) प्राचीन (D) पुराना ।<br>**उत्तर :** (A) नया | 1 |
| 10. | 'फूले न समाना' मुहावरे का अर्थ है –<br>(A) फूल न मिलना (B) फूल के समान<br>(C) दुःखी होना (D) अत्यंत खुश होना ।<br>**उत्तर :** (D) अत्यंत खुश होना । | 1 |
| II. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबधित शब्द लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 11. | नौकाएँ बनानेवाले : जलालुद्दीन : : अखबारों का वितरण करनेवाले : ........................<br>**उत्तर :** शम्सुद्दीन | 1 |
| 12. | मकान की छत : मछली की पीठ जैसी : : मकान के स्तम्भ : ......................<br>**उत्तर :** हाथी के पैर जैसे | 1 |
| 13. | गोमटेश्वर की प्रतिमा : श्रवणबेलगोल : : गोलगुंबज : ........................<br>**उत्तर :** विजयपुर | 1 |
| 14. | कृष्ण को चिढ़ानेवाले : बलराम : : चुटकी देकर हँसनेवाले : ......................<br>**उत्तर :** ग्वाल बालक | 1 |
| 15. | साधोराम : मनुष्य : : रोबोनिल : ....................<br>**उत्तर :** रोबोट / यंत्र मानव | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** 5 × 1 = 5 | |
| 16. | कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करता है ?<br>**उत्तर :** जग का रूप बदलने के लिए । | 1 |
| 17. | कवि के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?<br>**उत्तर :** विचित्र और नवीन । | 1 |
| 18. | दोनों दोस्त किन-किन जानवरों से मिले ?<br>**उत्तर :** हाथी, साँप, भैंस और मछली । | 1 |
| 19. | बिछेन्द्री पाल सिलाई काम क्यों करने लगी ?<br>**उत्तर :** पढ़ाई का खर्च जुटाने के लिए । | 1 |
| 20. | शहर में किस सम्मेलन का आयोजन किया गया था ?<br>**उत्तर :** ईमानदारों के सम्मेलन का आयोजन किया गया था । | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 10 × 2 = 20 | |
| 21. | कवि भारत माता को 'अमरों की जननी' क्यों कहते हैं ?<br>**उत्तर :** भारत भूमि में गाँधी, बुद्ध और राम जैसे अमर व्यक्तियों का जन्म हुआ है । | 2 |
| 22. | प्रेमचंद जी का जी क्यों ललचाया ?<br>**उत्तर :** पंजाबी मेवाफरोशों की एक दूकान पर अच्छे, रंगदार, गुलाबी सेब सजे हुए थे । उन्हें दखकर प्रेमचंदजी का जी ललचाया । | 2 |
| 23. | जलालुद्दीन कलाम को किन-किन विषयों के बारे में बताते थे ?<br>**उत्तर :** शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में । | 2 |
| 24. | परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था ?<br>**उत्तर :** लेखक देश के प्रसिद्ध ईमानदार थे ।<br>कार्यक्रम का उद्घाटन करने ।<br>उनके आगमन से उदियमान ईमानदारों को बड़ी प्रेरणा मिलतो । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 25. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने के बाद बिछेन्द्री ने क्या किया ?<br>**उत्तर :** सागर माथे का चुंबन किया । हनुमान चालीसा और दुर्गा माता की पूजा की । अंग दोरजी के सामने आदर भाव से झुकी । | 2 |
| 26. | कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज है ?<br>**उत्तर :** कृष्ण इसलिए नाराज है कि यशोदा हमेशा उसी को मारती है । बलराम को कभी नहीं डाटती । | 2 |
| 27. | चींटी के बारे में कवि क्या कहते हैं ?<br>**उत्तर :** चींटी दाना लेकर दीवार चढ़ते वक्त कई बार गिर जाती है । लेकिन वह अपनी कोशिश जारी रखती है । सफल भी होती है । | 2 |
| 28. | 'टाइटन' की विशेषताओं के बारे में लिखिए ।<br>**अथवा**<br>'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत खूबसूरत ग्रह है ।' कैसे ?<br>**उत्तर :** 'टाइटन' शनि ग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह है । वह सौरमंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण दिलचस्प उपग्रह है । टाइटन की सतह पर अंतरिक्ष यान को उतारा जा सकता है ।<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह के चारों ओर अत्यंत सुंदर वलय हैं । वे स्पष्ट और विस्तत हैं । ऐसा लगता है – प्रकृति ने उसके गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं । | 2 |
| 29. | 'सत्य' के बारे में गाँधीजी की धारणा क्या है ?<br>**अथवा**<br>15 दिवसीय कार्य शिविर में किन-किन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था ?<br>**उत्तर :** सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । उनका अंत नहीं होता ।<br>**अथवा**<br>कविता वाचन, कविता रचना, नाटक प्रदर्शन, संभाषण कौशल, टेराकोटा गुड़िया बनाना इत्यादि । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | शास्त्र में सत्य के बारे में कैसे समझाया गया है ?<br>**अथवा**<br>मीना मेडम ने अंत में छात्रों से क्या कहा ?<br>**उत्तर :** 'सत्यं ब्रूयात्, प्रिय ब्रूयात, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' अर्थात्, 'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो ।'<br>**अथवा**<br>आज के बच्चे कल के नागिरक हैं । विद्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो । इसमें आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा । | 2 |
| V.<br>31. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 11 × 3 = 33<br>गिल्लू के दुःखद अंत के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** गिल्लू अपने आखरी दिन न कुछ खाया, न ही बाहर गया । जब उसके पंजे ठंडे होने लगे तो लेखिका ने हीटर जलाकर उष्णता देने का प्रयत्न किया । पर सुबह होते ही वह चिर-निद्रा में सो गया । | 3 |
| 32. | आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय प्राप्त की है ? वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** आधुनिक मानव ने जल, विद्युत, वायु आदि प्रकृति के तत्वों पर अपना नियंत्रण कर रखा है । नदी, पर्वत, सागर को लाँघ सकता है । परमाणु प्रयोग कर सकता है । व्योम से पाताल तक सब कुछ जानता है । | 3 |
| 33. | स्वाभिमानी बसंत का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** बसंत एक अनाथ, गरीब लड़का है । पर स्वाभिमानी है । मेहनत करके छोटे भाई के साथ जी रहा है । बिना छलनी लिए राजकिशोर जब पैसे देने जाते हैं, उसे भीख मानकर इनकार करता है । डाक्टर जब उसकी चिकित्सा करने लगते ह तब उसे अपनी गरीबी की बात अखरती है क्योंकि वह स्वाभिमानी है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 34. | कहानी के अंत में रोबोनिल और रोबोदीप क्यों खुश हुए ? बताइए ।<br>**उत्तर :** कहानी के अंत में धीरज सक्सेना 'रोबोटिकी संघ' को सभी बातें मानने के लिए तैयार हो जाता है । साधोराम को दोबारा काम पर रखने के लिए राजी हो जाता है । रोबोनिल और रोबोदीप को खुशी होती है कि उनके कारण किसी इंसान को नुकसान नहीं झेलना होगा । | 3 |
| 35. | बेंगलूरु विश्वभर में क्यों प्रसिद्ध है ? वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** बेंगलूरु शिक्षा और बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का केंद्र है । यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं । यहाँ प्रसिद्ध भारतीय विज्ञान संस्थान, एच० ए० एल, एच० एम० टी०, आइ० टी० आइ, बी० इ० एल, बी० एच० इ० एल० जैसी बृहत संस्थाएँ हैं । इसे 'सिलिकान सिटी' कहते हैं । | 3 |
| 36. | 'समय अत्यंत अनमोल है'। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** समय अनमोल है । ईश्वर द्वारा मनुष्य को प्राप्त अनुपम धन है । समय को व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए । बीता हुआ समय वापस नहीं आता। समय का सदुपयोग करनेवालों को ही सफलता प्राप्त होती है। | 3 |
| 37. | कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की प्रशंसा क्यों की ? बताइए ।<br>**उत्तर :** 'बालशक्ति' के बालकों ने गाँव और स्कूल के वातावरण को साफ़, सुंदर बनाया था । पेड़-पौध लगाकर हरा-भरा रखा था । गाँव के लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया था । आदर्श गाँव बनाया था । | 3 |
| 38. | तुलसीदास ने संत के स्वभाव को कैसे दर्शाया है ? वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** तुलसीदास कहते हैं कि संत का स्वभाव हंस पक्षी के समान होता है । हंस पक्षी दूध रूपी सत्व को स्वीकार कर पानी रूपी विकार को छोड़ देता है । वैसे ही संत अच्छे गुणों को स्वीकार कर दोषों को छोड़ देते हैं । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 39. | 'वीडियो कान्फरेन्स' का महत्व समझाइए ।<br>**उत्तर :** 'वीडियो कान्फरेन्स' द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8 - 10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं । एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं । इससे समय और पैसे बच जाते हैं । तीव्र गति की प्रगति के लिए सहायक होता है । | 3 |
| 40. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।<br>पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :** मुखिया को मुख की तरह होना चाहिए । मुख अकेला खाता है, शरीर के सभी अंगों का विकास समान रूप से होता है । उसी तरह मुखिया को विवेकवान बनकर काम करना चाहिए जिसका फल समाज के सभी अंगों को मिलना चाहिए । इस तरह तुलसीदास मुखिया के लक्षणों के बारे में बताते हैं । | 3 |
| 41. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :<br>सत्य की महिमा अपार है । सत्य अत्यंत शक्तिशाली है । अतः हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए ।<br>**उत्तर :** ಸತ್ಯದ ಮಹಿಮೆ ಅಪಾರ. ಸತ್ಯ ಅತ್ಯಂತ ಶಕ್ತಿಶಾಲಿಯಾಗಿದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಸತ್ಯವನ್ನು ಮಾತನಾಡುವ ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಬೇಕು.<br>Greatness of truth is immense. Truth is very powerful. So we should practice speaking truth. | 3 |
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** 3 × 4 = 12 | |
| 42. | ''इंटरनेट सचमुच एक वरदान है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>''इंटरनेट के कारण संचार व सूचना के क्षेत्र में एक नयी क्रांति आयी है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * इंटरनेट ने संचार व सूचना के क्षेत्र में कमाल किया है । कोई भी चित्र, वीडियो, समाचार, विषय कम समय और कम खर्च में किसी को भी भेज सकते हैं । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * ई-बैंकिंग द्वारा पैसों का लेन-देन कर सकते हैं ।<br>* वीडियो-कान्फरेन्स द्वारा अन्य लोगों के साथ सचित्र चर्चा कर सकते हैं ।<br>* सोशल नेटवर्किंग के कारण सभी प्रदेशों के लोगों की संस्कृति को जान सकते हैं ।<br>* ई-गवर्नेन्स द्वारा प्रशासन पारदर्शी बनता है ।<br>* बेरोजगारी को मिटा सकते हैं ।<br>* चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, देश की सुरक्षा सभी क्षेत्रों में इंटरनेट का बड़ा योगदान है ।<br>* ( इनमें से कोई चार अंश )<br>**अथवा**<br>* इंटरनेट ने संचार व सूचना के क्षेत्र में कमाल किया है । आज पहले की अपेक्षा इंटरनेट द्वारा पल-भर में, कम खर्च में कोई विचार, चित्र, वीडियो को किसी भी कोने तक पहुँचा सकते हैं ।<br>* कोई संदेश, समाचार तथा हर प्रकार की जानकारियाँ कम समय में पहुँचा सकते हैं ।<br>* पस्तकालय की पुस्तकों के विषयों को जिसे चाहे भेज सकते हैं ।<br>* तंत्रज्ञान के इस युग में इंटरनेट के बिना संचार व सूचना का काम तीव्र गति से होना असंभव ही है । | 4 |
| 43. | गिल्लू के कार्यकलाप के बारे में वर्णन कीजिए ।<br>**अथवा**<br>वर्मा जी के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** गिल्लू लेखिका को आकर्षित करने के लिए परदे के सहारे नीचे आकर, फिर ऊपर चढ़ता था । लेखिका के कार्यों को देखते, मेज पर घंटों तक बैठा रहता । भूख लगने पर चिक-चिक करता था । रोज खुली खिड़की से बाहर अन्य गिलहरियों के साथ खेलने जाता था । लेखिका को चौंकाने की चेष्टाएँ करता था ।<br>**अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | लेखिका जब अस्पताल में थी, तब गिल्लू अत्यंत उदास रहता था । अपना प्रिय खाद्य काजू बहुत कम खाता था । उनके कमरे का दरवाजा खुलते ही अपने झूले से उस ओर दौड़ता, किंतु वहाँ किसी और को देखकर निराश होकर लौट जाता । वर्माजी की अस्वस्थता में उनके तकिए के सिरहाने बैठकर अपने नन्हे पंजों से उनके सिर और बाल सहलाता था । इस प्रकार गिल्लू वर्माजी के प्रति ममता दिखाता था । | |
| 44. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ............................................<br>..........................................................<br>..........................................................<br>............................................... भागो तुम ।<br>**उत्तर :** कवितांश :<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| VII. 45. | **प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $5 \times 1 = 5$<br>सुभाषचंद्र बोस एक चतुर और कर्मशील व्यक्ति थे । देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से ही उन्होंने अंग्रेज सरकार के ऊँचे पद को ठुकरा दिया था । वे भारत की स्वतंत्रता के वीर सेनानी थे । इसीलिए अंग्रेज सरकार उनसे डरती थी । सुभाष को महात्मा गाँधी जी का विनम्र सत्याग्रह उचित नहीं लगा । अतः उन्होंने गाँधी जी का साथ छोड़ दिया । सुभाष ने ब्रिटिश युवराज के खिलाफ़ बहिष्कार का आंदोलन भी चलाया । परिणामस्वरूप उन्हें छः महीनों तक जेल में रखा गया था । सुभाष का जीवन देशप्रेम के लिए समर्पित था ।<br>क) सुभाष कैसे व्यक्ति थे ?<br>ख) सुभाष ने अंग्रेजों के ऊँचे पद को क्यों ठुकरा दिया ?<br>ग) अंग्रेज सरकार सुभाष से क्यों डरती थी ?<br>घ) सुभाष ने गाँधीजी का साथ क्यों छोड़ दिया ?<br>ङ) सुभाष का जेल में क्यों रखा गया ? | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** (क) सुभाष चतुर और कर्मशील व्यक्ति थे । | 1 |
| | **उत्तर :** (ख) भारत देश को आजादी दिलाने के उद्देश्य से अंग्रेजों के ऊँचे पद को ठुकरा दिया । | 1 |
| | **उत्तर :** (ग) सुभाष भारत की स्वतंत्रता के वीर सेनानी थे । इसलिए अंग्रेज सरकार डरती थी । | 1 |
| | **उत्तर :** (घ) गाँधीजी का विनम्र सत्याग्रह सुभाष को उचित नहीं लगा । | 1 |
| | **उत्तर :** (ङ) ब्रिटिश युवराज के खिलाफ़ बहिष्कार का आंदालन चलाने के कारण जेल में रखा गया । | 1 |
| VIII. 46. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 5 = 5<br>क) दूरदर्शन से लाभ<br>* प्रस्तावना<br>* उपयोग और लाभ<br>* महत्व<br>* उपसंहार ।<br>ख) जनसंख्या समस्या-समाधान<br>* प्रस्तावना<br>* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम<br>* परिहारोपाय<br>* उपसंहार ।<br>ग) मेरा कर्नाटक महान<br>* प्रस्तावना<br>* विषय प्रवेश<br>* कर्नाटक की विशेषताएँ<br>* उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** प्रस्तावना 1<br>विषय विस्तार 2<br>उपसंहार 1<br>भाषा का प्रयोग 1 | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. 47. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$<br>अपने बड़े भाई की शादी में भाग लेने के लिए छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>परीक्षा तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।<br>**उत्तर :** व्यावहारिक पत्र :<br>प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>विषय $\frac{1}{2}$<br>संबोधन $\frac{1}{2}$<br>पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | **अथवा**<br>पारिवारिक पत्र :<br>प्रेषक का पता और दिनांक $\frac{1}{2}$<br>संबोधन और अभिवादन 1<br>पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | 5 |